प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 10.10.2024

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पच्चीस अक्टूबर से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है—राष्ट्रपति आईआईटी सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।
- कर हस्तांतरण के तहत केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत किए करीब छह हजार करोड़ रूपये।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने की स्वीकृति दी।
- नवा रायपुर में चौबीस से छब्बीस अक्टूबर तक नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रपति—छत्तीसगढ़

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगामी पच्चीस अक्टूबर से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। श्रीमती मुर्मू के पच्चीस अक्टूबर को भिलाई में आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने की संभावना है। इसके बाद वे एनआईटी रायपुर के दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लेंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार छब्बीस अक्टूबर को श्रीमती मुर्मू एम्स और ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

कर हस्तांतरण

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर हस्तांतरण के तहत करीब छह हजार करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया में जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहारों के अवसर पर यह राशि मोदी सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को मिला अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि इस राशि से निश्चित रूप से प्रदेश के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह राशि विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक साबित होगी। साथ ही इससे जन कल्याण के कार्यों में भी तेजी आएगी।

केन्द्र—फोर्टिफाइड चावल

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष जुलाई से दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक निःशुल्क फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने की स्वीकृति दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में कहा कि इस पहल से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी की समस्या दूर होगी। फोर्टिफाइड चावल में निर्धारित मानकों के अनुसार आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी—12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिलाया जाता है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त—बैठक

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर आज नवा रायपुर में समीक्षा बैठक ली। बैठक में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय—सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने परिसीमन और आरक्षण के संबंध में अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में मतदाता सूची की जांच जैसे विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

रतन टाटा—निधन

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का कल रात मुंबई में निधन हो गया। छियासी वर्षीय श्री टाटा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित समाज के विभिन्न प्रमुख व्यक्तियों ने रतन टाटा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा कि उनका निधन भारत और उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। देश और समाज में बेहतर बदलाव के लिए रतन टाटा द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्य हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

पीडब्ल्यूडी–अभियंता भर्ती

वित्त विभाग ने लोक निर्माण विभाग में सब इंजीनियरों के एक सौ दो पदों पर भर्ती की स्वीकृति दे दी है। इसमें छियासी सिविल और सोलह विद्युत–यांत्रिकी के उप–अभियंता के पद शामिल हैं। इससे पहले, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में एक सौ अट्ठाईस अभियंताओं के पद निकाले गए थे। प्रदेश में अब तक आठ से अधिक विभागों में विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह और विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण तथा वन और पर्यावरण विभाग में भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

वहीं, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने चार सौ इक्कीस अभियंताओं को उनके दीर्घकालीन सेवा योगदान के लिए समयमान वेतन दिए जाने का आदेश जारी किया है। इनमें उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता और अधीक्षण अभियंता शामिल हैं।

सेल्फ प्रोटेक्शन इंनिशियेटिव चैंपियनशिप

रायपुर में चल रही सेल्फ प्रोटेक्शन इंनिशियेटिव चैंपियनशिप आज संपन्न हो गई। समापन समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य आत्मरक्षा की कला को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता आत्मविश्वास और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी तकनीकों का प्रदर्शन करते हैं और आपसी सहयोग से सीख सकते हैं। उन्होंने इस चैंपियनशिप को सुरक्षा और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप

नवा रायपुर में चौबीस से छब्बीस अक्टूबर तक नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज नवा रायपुर स्थित गोल्फ कोर्ट में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री–लांच का उद्घाटन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित बीस राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में छह सदस्य होंगे। चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार दस लाख रुपए और रनरअप को छह लाख रूपये दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम के चयन से अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के प्रति लोगों की रूचि बढ़ेगी। इस दौरान श्री जैन ने बादाम का पौधा भी लगाया।

बस्तर दशहरा

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज फूल रथ की अंतिम परिक्रमा होगी। इस रथ में मां दंतेश्वरी के छत्र को रखकर गोलबाजार और मिताली चौक होते हुए वापस सिंहड्योढ़ी के पास लाया जाएगा। इसके बाद रथ से मांई जी के छत्र को उतारकर मंदिर में रखा जाएगा।

सहकार से समृद्धि–कार्यशाला

रायपुर में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा 'सहकार से समृद्धि' विषय पर की गई पहल के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों के विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सहकारी बैंक द्वारा आठ लाख छत्तीस हजार से अधिक किसानों को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने पांच किसानों को प्रतिकात्मक रूप से रूपे किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए।

इस अवसर पर मंत्री ने सहकारी समितियों के अधीन बयालीस प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र इसी महीने के अंत तक खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने अम्बिकापुर और जगदलपुर के सभी पैक्स में माइक्रो एटीएम को सक्रिय रखने को कहा, जिससे धान खरीदी के दौरान किसानों को राशि आहरण में असुविधा न हो।

मौसम

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी आने का सिलसिला जारी है, जिसके असर से कल प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी को बताया कि प्रदेश के कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही अंधड़ भी चल सकती है।

अब कुछ खबरें संक्षेप में–

- राज्यपाल रमेन डेका आज माना कैम्प और माना बाजार के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से बताया है कि उन्होंने आज नवा रायपुर स्थित नये मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विधिवत् रूप से कामकाज की शुरूआत कर दी है।
- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डाक दिवस पर भारतीय डाक विभाग के कर्मियों को बधाई दी है।
- एंटी करप्शन ब्यूरो ने कोयला घोटाला मामले में विशेष कोर्ट में आज करीब दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया।
- कबीरधाम जिले में लोगों में साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जगदलपुर के लालबाग मैदान में बारह अक्टूबर से क्षेत्रीय सरस मेला आयोजित किया जाएगा।
- बिलासपुर जिले की सरकंडा पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रूपये की ठगी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक साल पहले प्रकरण दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था।

संक्षिप्त समाचार–02

- दुर्ग जिले के ग्राम उमदा में पुलिस ने अवैध रूप से प्रतिबंधित तम्बाकूयुक्त गुटखा बनाने की फैक्ट्री चलाने वाले संचालक के साथ ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- सरगुजा संभाग के बतौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तड़के एक सड़क हादसे में युवक–युवती की मौत हो गई।

- भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस–थ्री में आज सुबह हुई दुर्घटना में एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो क्रेनों की टक्कर में स्टॉपर टूट कर श्रमिक पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- सक्ती जिले के मोहगांव में बीती रात एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। वाहन में कुल इक्कीस लोग सवार थे, जिनमें से तीन बच्चे लापता है। एसडीआरएफ की टीम बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

- कांकेर जिले के देवीनवागांव में करंट की चपेट में आने से तीन भालुओं की मौत हो गई। वन विभाग ने भालुओं का पोस्टमार्टम करवाकर उनका अंतिम संस्कार करवाया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>